# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 7 सूरदास के पद

**Std 9 GSEB Hindi Solutions सूरदास के पद Textbook Questions and Answers**

## स्वाध्याय

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक -एक वाक्य में लिखिए :

**प्रश्न 1. जहाज का पंछी जहाज से उड़कर फिर कहाँ आता है?**
उत्तर :
जहाज का पंछी जहाज से उड़कर फिर जहाज पर ही आता है।

**प्रश्न 2. सूरदास के मधुकर को करील फल क्यों नहीं भाता?**
उत्तर :
सूरदास के (मन) मधुकर को करील फल नहीं भाता, क्योंकि उसने कृष्णभक्ति का अंबुज-रस चख लिया है।

**प्रश्न 3. बालकृष्ण के मुख पर किसका लेप किया हुआ है?**
उत्तर :
बालकृष्ण के मुख पर मक्खन का लेप किया हुआ है।

**प्रश्न 4. सूर धन्य क्यों हुए?**
उत्तर :
सूर धन्य हुए क्योंकि उन्हें श्रीकृष्ण की दुर्लभ छबि के दर्शन हो गए हैं।

### 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :

**प्रश्न 1. सूर ने किन उदाहरणों द्वारा अपनी अनन्य भक्ति भावना प्रकट की है?**
उत्तर :
सूरदासजी कहते हैं कि मैं श्रीकृष्णरूपी जहाज का पंछी हूँ। मैं उनें छोड़कर और कहीं नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण की महिमा भूलकर मैं और किसी देवता का ध्यान नहीं कर सकता। श्रीकृष्ण जैसी गंगा का जल मिलने के बाद मुझे कुएँ का जल पीने की चाह नहीं है। मेरा मन - मधुकर श्रीकृष्ण की भक्ति का अंबुज रस चखने के बाद हैं। उनको छोड़कर मैं बकरी का दूध दुहने क्यों जाकै इस प्रकार सूरदासजी ने विभिन्न उदाहरणों द्वारा अपनी भक्तिभावना प्रकट की है।

**प्रश्न 2. बालक कृष्ण के स्वरूप का वर्णन कीजिए।**
उत्तर :

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति बड़ी मनोहर है। वे अपने हाथों में मक्खन लिए घुटनों के बल चल रहे हैं। उनके मुंह में मक्खन लगा हुआ है। उनके गाल सुंदर और आँखें चंचल हैं। उनके माथे पर गोरोचन का तिलक लगा हुआ है। उनकी लटें मदमस्त भौंरों जैसी सुंदर लग रही हैं। वे अपने गले में कठुला की माला पहने हुए हैं। इस प्रकार श्रीकृष्ण की छबि अत्यंत मनमोहक है।

**प्रश्न 3. सूरदास अपने आपको क्यों धन्य मानते हैं?**

उत्तर :

सूरदास श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त हैं। श्रीकृष्ण के अतिरिक्त वे अन्य किसी का ध्यान नहीं करते। श्रीकृष्ण की मनमोहक छबि सदा उनकी आँखों में बसी रहती है। यह छबि उन्हें अनुपम सुख प्रदान करती है। वे श्रीकृष्ण की इस छबि को दुर्लभ मानते हैं। उन्हें अपने प्रभु की इस अनोखी मूर्ति के दर्शन हुए हैं। इसलिए वे अपने आपको धन्य मानते हैं।

## 3. तत्सम रूप दीजिए :

**प्रश्न 1.**

1. **अनत**
2. **पंछी**
3. **महातम**
4. **पियासौ**
5. **दुरमति**
6. **लट**
7. **मधुहिँ**
8. **केहरि**

उत्तर :

1. अन्यत्र
2. पक्षी
3. माहात्म्य
4. प्यासा
5. दुर्मति
6. केशगुच्छ
7. मद्‌य
8. केसरी

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**4. समानार्थी शब्द लिखें :**

**प्रश्न 1.**

1. **पक्षी**
2. **अंबुज**
3. **कूप**
4. **मधुकर**
5. **धेनु**
6. **छेरी**
7. **नवनीत**
8. **लोचन**
9. **कंठ**
10. **नख**

उत्तर :

1. खग
2. जलज
3. कुआँ
4. भ्रमर
5. गाय
6. बकरी
7. मक्खन
8. नयन
9. गला
10. नाखून

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in